कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, लवन 493 526
जिला – बलौदा बाजार–भाटापारा (छत्तीसगढ़)
Phone : 9425506780, E Mail : lawancollege_2009@rediffmail.com
Website – www.govtcollegelawan.in College Code – 1209
नैक द्वारा प्रत्यायित महाविद्यालय : ग्रेड 'बी' सीजीपीए 2.46
भारत सरकार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी – जैव प्रौद्योगिकी विभाग : स्टार महाविद्यालय

लवन, दिनांक 08/06/2023

//प्रवेश सूचना//

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर की अधिसूचना क. 938/परीक्षा/प्रवेश/2023 रायपुर, दिनांक 08/06/2023 के परिपालन में इस महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष **बी.ए., बी.कॉम एवं बी.एस.–सी (बायो एवं गणित)**, तथा स्ववित्तीय पाठ्यक्रम **DCA** में ऑनलाईन प्रवेश दिनांक **08/06/2023** से प्रारंभ हो रहा है। प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राऐं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के ऑनलाईन पोर्टल http://www.prsuuniv.in में जाकर पंजीयन करें।

टीप :– ऑनलाईन आवेदन करते समय छात्र/छात्राऐं स्वयं का ई–मेल एवं व्हाट्सएप नं. दर्ज करें।

मेरिट सूची जारी होने के उपरांत महाविद्यालय में प्रवेश समिति के सम्मुख समस्त आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

प्रथम मेरिट सूची दिनांक 26.06.2023 को जारी की जायेगी।

प्रवेश समिति के सम्मुख प्रदर्शित करने हेतु आवश्यक दस्तावेज :–

- दसवीं एवं बारहवी की अंकसूची की मूलप्रति एवं छायाप्रति।
- मूल स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र।
- निवास एवं जाति प्रमाण पत्र।
- आधार कार्ड की छायाप्रति।
- बैंक पासबुक की छायाप्रति।
- रक्त समूह की छायाप्रति।
- **महाविद्यालय परिसर में कोविड–19 उचित व्यवहार का पालन करना अनिवार्य है।**
- **विज्ञान संकाय में उपलब्ध विषय :–**
  रसायनशास्त्र, प्राणीशास्त्र, वनस्पतिशास्त्र, भौतिकशास्त्र, गणित तथा आधार पाठ्यक्रम I हिन्दी भाषा एवं आधार पाठ्यक्रम II अंग्रेजी भाषा।
- **वाणिज्य संकाय में उपलब्ध विषय :–**
  सभी अनिवार्य विषय तथा आधार पाठ्यक्रम I हिन्दी भाषा एवं आधार पाठ्यक्रम II अंग्रेजी भाषा।
- **कला संकाय में उपलब्ध विषय समूह :–**
  राजनीतिशास्त्र, भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र अंग्रेजी साहित्य, आधार पाठ्यक्रम I हिन्दी भाषा एवं आधार पाठ्यक्रम II अंग्रेजी भाषा।
  विषय संतुलन को दृष्टिगत रखते हुए **समाजशास्त्र एवं हिन्दी साहित्य** तथा **इतिहास एवं अंग्रेजी साहित्य** विषय युग्म चयन हेतु उपलब्ध नहीं होंगे।

08.06.2023

Scanned with OKEN Scanner

- **कम्प्यूटर संकाय :–**

  1. PGDCA 2. DCA

  ❖ नवीन आवेदकों के साथ ही स्नातक कक्षाओं के नियमित छात्र–छात्राऐं DCA में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

  ❖ स्नातक उत्तीर्ण छात्र–छात्राऐं PGDCA में प्रवेश हेतु पात्र हैं।

  उपरोक्त पाठ्यक्रम में शासन के नियमानुसार पात्र छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त होगा।

- **विश्वविद्यालय से प्राप्त दिशा–निर्देशानुसार मेरिट सूची का प्रकाशन महाविद्यालय का सूचना पटल एवं वेबसाइट** **https://govtcollegelawan.in/** **में किया जायेगा।**
  छात्र–छात्राऐं सूचना पटल एवं वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें एवं निर्दिष्ट समयावधि में प्रवेश प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

- **स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम घोषित होने के सात दिवस के भीतर प्रवेश प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उक्त अवधि में प्रवेश नहीं लेने पर रिक्त सीटों में अन्य आवेदकों को प्रवेश दिया जायेगा।**

- **महाविद्यालय में प्रवेश उपरांत आदर्श विद्यार्थी आचरण संहिता का पालन करना अनिवार्य होगा।**

08.06.2023

for प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय लवन
जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner